आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 03.01.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- आयुष द्वारा कार्यान्वित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान से द्वीपों के आठ हजार से अधिक लोग लाभान्वित।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने करों के सुचारू और सुविधाजनक भुगतान की सुविधा के लिए कर रसीद सुविधा की घोषणा की है।
- तीर्थ स्थल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्थानीय कलाकार भाग लेंगे।
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा– डी. गुकेश, मनु भाकर, हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।
- पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कल प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट शो का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने छब्बीस नवंबर से पच्चीस दिसंबर तक पूरे केंद्र शासित प्रदेश में एक राष्ट्रव्यापी अभियान ''देश का प्रकृति परीक्षण अभियान''' शुरूआत की। आयुष मंत्रालय के नेतृत्व में और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा आयोजित 'डीकेपीपी अभियान', वात, पित्त, कफदोष के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति के अद्वितीय मन–शरीर संविधान या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित होता है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में, 'डीकेपीपी अभियान' के पहले चरण को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और राष्ट्रीय आयुष मिशन के आयुष शाखा द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों और संस्थानों में प्रकृति आकलन शिविर आयोजित किए गए। पूरे द्वीपसमूह में स्वास्थ्य विभाग के तहत कार्यरत विभिन्न आयुष इकाइयों के माध्यम से आठ हजार चार सौ सतहत्तर लोगों को व्यक्तिगत सलाह के साथ प्रकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह अभियान पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. रेखा, और आयुष के सहायक निदेशक डॉ. कल्याण पी. कदभाने के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने करों के सुचारू और सुविधाजनक भुगतान की सुविधा के लिए कर रसीद सुविधा की घोषणा की है। परिषद के मुख्य कार्यालय और भातुबस्ती स्थित पुरानी पंचायत भवन में

कर रसीद काउंटर स्थापित की गई है। यह पहल परिषद द्वारा सभी निवासियों को सुलभ और कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। परिषद के राजस्व अनुभाग के कर्मचारियों को करदाताओं को उनके लेनदेन में सहायता करने और कर भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न का समाधान करने के लिए काउंटर पर पहले से ही तैनात किया गया है। संपत्ति कर, जल, संरक्षण शुल्क, वाणिज्यिक कर और नगरपालिका बकाया का भुगतान सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से किया जा सकता है। परिषद ने सभी नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने और अपने कर दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। करों का समय पर भुगतान हमारे समुदाय में महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाओं के विकास और रखरखाव में योगदान देता है।

<><><><><><><>

तीर्थराज प्रयागराज में महा कुंभ मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक चलेगी। मेले में द्वीप प्रशासन भी भाग ले रहा है। इस सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग ने इच्छुक पंजीकृत स्थानीय सांस्कृतिक समूहों से इस कुंभ मेले में भाग लेने के लिए नौ जनवरी शाम पांच बजे तक स्वीकृति पत्र सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला और संस्कृति विभाग के निदेशक के पास जमा करने को कहा है।

<><><><><><><>

आदर्श करियर केन्द्र के रोजगार अधिकारी सपना प्रिया के मार्गदर्शन में हाल ही में लिटिल अंडमान के कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों और युवाओं के लिए करियर और व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। इन पहलों का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न करियर के अवसरों और कौशल विकास के साथ सशक्त बनाना था। व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्राम पंचायत हट बे में और करियर मार्गदर्शन पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल आर.के.पुर तथा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हट बे में सहायक रोजगार अधिकारी दिनेश मूर्ति द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को उभरते करियर के अवसरों, कौशल विकास पाठ्यक्रमों, एनसीएस पंजीकरण और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए व्यावसायिक मार्गों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग के स्रोत अधिकारियों ने भी युवाओं को सरकार द्वारा समर्थित कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>

सबसे युवा शतरंज विश्श्व चैम्पियन डी. गुकेश, एक ही ओलंपिक में दो पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर, लगातार दो ओलंपिक पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को इस साल सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सहित बत्तीस खिलाड़ियो को अर्जुन पुरस्कार दिया जायेगा। इन सभी खिलाडियों को पुरस्कार सत्रह जनवरी को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

तेरहवीं राष्ट्रीय विद्यालय शतरंज चैम्पियनशिप सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में विभिन्न श्रेणियों के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंडमान निकोबार राज्य विद्यालय शतरंज चैंपियनशिप दो हजार चौबीस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा और खेल निदेशक विक्रम सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को शतरंज को पेशे के रूप में अपनाने और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचों पर पहचान हासिल करने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खेल में सफलता हासिल करने के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता देने का भी आश्वासन दिया। इस चैम्पियनशिप के दौरान तीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया। चैम्पियनशिप में दो सौ साठ से अधिक स्थानीय खिलाड़ियों सहित दूर–दराज के स्कूली विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग में अनुबंध के आधार पर सागर मित्र के पद पर होने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दस जनवरी को लिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह नौ बजे तक उप–विभागीय मजिस्ट्रेट के कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। चयनित उम्मीदवारों की सूची प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म इक्कीस जनवरी तक समाज कल्याण निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कल दोपहर दो बजे से प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट शो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पशु मालिक अपना नाम, संपर्क, ईमेल, पालतू पशु का नाम, नस्ल, जन्म तिथि, लिंग, रंग, वजन और टीकाकरण रिकॉर्ड जैसे विवरणों के साथ अपनी प्रविष्टियाँ विभाग के मेल पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की बैठक अब छः जनवरी को दिन में साढ़े दस बजे क्षेत्र के पंचायत हॉल में आयोजित होगी। सभी संबंधित विभागों और सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा अट्ठारह जनवरी को आयोजित की जाएगी। पंजीकृत उम्मीदवारों से विद्यालय के वेबसाइट से एडमिट कार्ड अपलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट सब–स्टेशन में रखरखाव के कार्य किए जाने चलते श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान क्षेत्रों में कल सुबह सात बजे से एक बजे तक बारी–बारी से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रति डॉक्टर प्रकृति मूल्यांकन की दर देश के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सर्वाधिक होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और अण्डमान क्रोनिकल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। स्थानीय कलाकारों द्वारा द्वीप पर्यटन उत्सव के दौरान मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के समाचार को द्वीप समाचार ने सचित्र प्रकाशित किया है। हंसपुरी में नए हेलीपैड बनने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने प्रमुखता दी है। बाल वाटिका शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>